**खबर संक्षेप**

## नो एंट्री के उल्लंघन पर ट्रेक्टर चालकों पर हुई चालानी कार्यवाही

**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में दिनांक 19 सितम्बर 2025 को थाना महाराजपुर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री उल्लंघन करने वाले दो ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमांक MP51AA7345 एवं MP51AA5923 पर धारा 115/194(2) मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते कुल 10,000 का चालान किया गया। ट्रैक्टर चालकों को ट्रॉली का वाणिज्यिक पंजीयन कराने, सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, निर्धारित समय पर ही शहर में वाहन संचालन करने तथा ट्रैक्टर में लेबर या अन्य व्यक्तियों को नहीं बैठाने संबंधी सख्त समझाइश दी गई। पूर्व में भी थाना महाराजपुर द्वारा 04 ट्रेक्टर चालको पर नो एंट्री उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही कि गई थी।

## आदि शक्ति को समर्पित "शक्ति पर्व" 23 सितंबर को

**मण्डला।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर "शक्ति पर्व" का आयोजन 23 सितंबर को सायं 6:30 बजे से बस स्टैंड नैनपुर में किया जाएगा। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। मुंबई के चरणजीत सिंह सौंधी अपने स्वरचित भजनों के माध्यम से माता की आराधना में डूबे श्रोताओं को भक्ति रस की धारा में भिगो देंगे।

### वीर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह का बलिदान हमें राष्ट्रप्रेम सिखाता-मंत्री श्रीमती उइके

# ठिठौरी एवं जारगी में मनाया गया बलिदान दिवस





*** बलिदान से क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके भारत के स्वतंत्रता संग्राम के वीर अमर शहीद महाराजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर ग्राम ठिठौरी एवं जारगी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने देश के स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान करने वाले इन महापुरुषों के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके साहस, देशभक्ति और अदम्य जिजीविषा को स्मरण किया।

पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि उनका त्याग और बलिदान सदैव हमें राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा। अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध खड़े होकर मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए जिस वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि अमर बलिदान से क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित हुई, जिसने देशभर के जनमानस में स्वतंत्रता की चेतना जगाई। आपके त्याग और समर्पण से प्रेरणा लेकर भावी पीढ़ियाँ राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं सरपंच, सचिव तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मंत्री श्रीमती उइके ने किया पौधरोपण

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने नगर वन योजना के तहत आर.एफ. 18 कटरा में वन विभाग द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान कटरा पार्क में 101 पौधों जिसमें सिंदूर, आम, आंवला, अमरूद एवं जामुन जैसे पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डल अधिकारी पश्चिम सामान्य वनमण्डल नित्यानंतन एल., उपवनमण्डल अधिकारी महाराजपुर श्रीराम सूत्रकार, परिक्षेत्र अधिकारी मण्डला श्रीमति सोनम जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य उपस्थित थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगर निगम/नगर परिषद की 10 कि.मी. की परिधि में हरित क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल शहरी पर्यावरण का संरक्षण होगा बल्कि प्रदूषण में कमी, स्वच्छ वायु और स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहन मिलेगा। विकसित होने वाला यह पार्क शहरवासियों के लिए विश्राम, मनोरंजन और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जिससे भावी पीढ़ियों को हरित धरोहर का लाभ प्राप्त होगा।





## पुलिस अधीक्षक मण्डला ने ली अपराध समीक्षा बैठक



*** संगठित अपराधों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मण्डला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा आज पुलिस नियंत्रण कक्ष, मण्डला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (SDOP), डीएसपी, थानों व चौकियों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए।

थाने पर आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात पूरी संवेदनशीलता से सुना जावें तथा समयबद्ध व विधिसम्मत कार्रवाई करते हुये आनलाईन फीडबैक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में लंबित गंभीर अपराधों की विवेचना, विवेचनाधीन / लंबित अपराधों, माननीय न्यायालय में लंबित चिन्हित अपराध, माननीय न्यायालय से प्राप्त ऑनलाईन समंस / वारंटो, लंबित वारंटी, लंबित मर्ग की समीक्षा तथा सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों एवं जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। नाबालिग गुमशुदा बालकों/ बालिकाओं के मामलों में त्वरित कार्यवाही कर दस्तयाबी सुनिश्चित करने तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश भी दिए तथा मुस्कान अभियान के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले थाना प्रभारियों व उनकी टीम को पुरूष्कृत भी किया गया। गुंडे, बदमाश एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ ही उनकी हिस्ट्रीशीट अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर बल देते हुए CCTNS, ICIS, ई-रक्षक ऐप एवं iRAD (Integrated Road Accident Database) पोर्टल, माइक्रो बीट प्रणाली के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन गश्त के दौरान ई-रक्षक का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु iRAD पर समयबद्ध डेटा एंट्री और विश्लेषण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जनसहयोग से CCTV कैमरों की संख्या बढ़ाने, पुलिस पाइंट लगाने और जनसहयोग से निगरानी तंत्र मजबूत करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध खनन एवं भू-माफिया जैसे संगठित अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि इन गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिले में अपराध के प्रति ₹जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। साथ ही फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान भी चलाया जाए।

## आवारा कुत्तों का आतंक दौड़ा-दौड़ाकर कर रहे हमला

**मण्डला।** शहर में आवारा कुत्तों का जिस तरह आतंक छाया हुआ है वह न केवल बड़ों के लिये बल्कि बच्चों के लिये भी बहुत ज्यादा दुखदायी साबित हो रहा है ये आवारा कुत्ते गैंग बनाकर हर गली-मौहल्ले में घूम-घूमकर लोगों को घायल कर रहे हैं। सुबह-सुबह जो बच्चे और बड़े घूमने निकलते हैं उनके सामने तो उनकी सुरक्षा एक बड़ी चुनौति होती है जो लोग वाहनों से निकलते हैं उनके पीछे भी ये कुत्ते हाथ धोकर पड़ जाते हैं कोई बालक या छात्र यदि अकेला कहीं आ-जा रहा है तो उनके लिये ये आवारा कुत्तों की गैंग जैसें हमला करने तैयार खड़ी होती है ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हुआ जब बालक शुभ मिश्रा किसी काम से पड़ाव क्षेत्र में गया हुआ था और जैन मंदिर के सामने वाली गली में कुत्तों का झुण्ड बैठा हुआ था शुभ जैसे ही वहां से गुजरा ये सभी कुत्ते उसके पीछे पड़ गये डर के मारे शुभ गली में भागा कत्ते उसके पीछे थे घबराहट में शुभ सड़क पर गिर गया और चोटिल हो गया उसके हाथ एवं पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। कुत्ते उस पर हमला करने ही वाले थे कि गनीमत से आसपास गुजर रहे लोगों ने फुर्ती दिखलाई और उन कुत्तों को मार भगाया। कल्पना कीजिये यदि आसपास गुजर रहे वे लोग नहीं होते तो कुत्तों ने क्या करना था अकेला बालक कैसें इन कुत्तों का मुकाबला कर पाता। यह किसी एक गली, किसी एक मौहल्ले की समस्या नहीं बल्कि इस तरह की घटनायें लगातार रोजाना हो रही हैं। शासन-प्रशासन इसके लिये प्रयास तो कर रहा है लेकिन ये प्रयास कैसें हैं और कब फलीभूत होंगे जनता इसी का इंतजार कर रही है।





## स्कूल पहुंचकर जनपद सदस्य ने दिया बच्चों को दंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



हाई स्कूल डोंगरमंडला का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार 9 सितंबर 2025 को जनपद पंचायत सदस्य मुकेश मार्को अचानक विद्यालय पहुँचे और कक्षा में बच्चों से शिक्षण कार्य करवाने लगे। इस दौरान उन्होंने कुछ विद्यार्थियों के साथ दंडात्मक कार्रवाई भी की। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री गुमास्ता ने स्पष्ट किया कि जनपद सदस्य द्वारा बच्चों से शिक्षण कार्य कराया गया था, किंतु विद्यार्थियों को कब और कैसे दंड दिया गया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं मिली। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो स्वयं जनपद सदस्य मुकेश मार्को द्वारा साझा किया गया, जिसमें वे बच्चों से शिक्षण कार्य करवाते हुए और दंडात्मक गतिविधियाँ करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले के प्रकाश में आने के बाद शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा तेज हो गई है। अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षण कार्य कराने और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार केवल शिक्षकों का है, न कि जनप्रतिनिधियों का।

### इनका कहना है

*मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। उक्त वीडियो को देखते हुए यह कृत्य अशोभनीय है। इसे कलेक्टर महोदय के पास भेजकर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

***श्रीमती वंदना गुप्ता***
***आदिवासी आयुक्त मंडला***

**अन्याय** | **गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य के बावजूद विद्यालय से किया पृथक।**

# अनुभवी अतिथि शिक्षक के साथ अन्याय

*** शासन के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला








एक ओर शासन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और योग्य शिक्षकों को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं जो न केवल इन दावों को खंडित करते हैं, बल्कि प्रशासनिक मनमानी और पक्षपात को उजागर करते हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में कार्यरत एक अनुभवी अतिथि शिक्षक के साथ हुआ अन्याय इसी का एक ज्वलंत उदाहरण है।

सत्र 2023–24 में शासन द्वारा आमंत्रण के पश्चात उक्त शिक्षक को वर्ग-1 संस्कृत पद पर नियुक्त किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा उनसे संस्कृत एवं हिंदी दोनों विषयों का अध्यापन करवाया गया। शिक्षक के प्रयासों से कक्षा परिणाम 100% रहा, जो उनकी कार्यकुशलता को दर्शाता है।

सत्र 2024–25 में भोपाल लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश के आधार पर शिक्षक को वर्ग-2 में नियुक्त किया गया। यह आदेश केवल उन्हीं शालाओं पर लागू था जो कक्षा 6 से 12 अथवा 1 से 12 तक संचालित हैं, जबकि रामनगर की शाला केवल कक्षा 9वीं से 12वीं तक सीमित है। इसके बावजूद शिक्षक से कक्षा 10वीं से 12वीं तक संस्कृत और हिंदी का अध्यापन करवाया गया, और इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम 100% रहा।

सत्र 2025–26 में शासन के निर्देशानुसार शिक्षक ने 10 जुलाई 2025 को विद्यालय में उपस्थिति दी, किंतु प्रभारी प्राचार्य द्वारा उन्हें यह कहकर कार्य से वंचित कर दिया गया कि संबंधित पद रिक्त नहीं हैं।

प्रमुख विसंगतियाँ यह हैं कि कक्षा 12वीं में संस्कृत संचालित होने के बावजूद वर्ग-1 संस्कृत का पद रिक्त क्यों नहीं माना गया? जबकि वर्ग-2 हिंदी पद के शिक्षक श्री सांण्या जी 31 मई 2025 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, तब भी रिक्ति को नकारा गया। सत्र 2023–24 और 2024–25 में हिंदी का अध्यापन अतिथि शिक्षक से करवाया गया, जब पद भरे हुए बताए जा रहे हैं। यदि संस्कृत किसी आदेश से प्रारंभ की गई थी, तो सत्र 2025–26 में उसे बंद करने का आदेश कहाँ है?

इस मामले में 2 अगस्त 2025 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की गई। 2, 4 और 5 अगस्त को सहायक आयुक्त मंडला व कलेक्टर को व्यक्तिगत आवेदन दिए गए। 9 अगस्त को जनसुनवाई में पुनः निवेदन किया गया, परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही या जवाब नहीं मिला है।

शासन के आदेशों में स्पष्ट निर्देशित है कि जब तक किसी पद पर नियमित नियुक्ति अथवा स्थानांतरण नहीं होता, तथा जब तक परीक्षा परिणाम 30% से अधिक रहता है, तब तक अतिथि शिक्षक को यथावत रखा जाए। इस आदेश का पालन न कर शाला प्रभारी द्वारा स्वेच्छाचारिता, पक्षपातपूर्ण निर्णय और साजिशन कार्य से पृथक किया जाना शासनादेशों की खुलेआम अवहेलना प्रतीत होता है।

ऐसे निर्णयों से केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि छात्र-छात्राओं का भविष्य भी प्रभावित होता है। जो शिक्षक वर्षों से उत्कृष्ट अध्यापन कर रहा हो, उसे हटाना छात्रों के हितों के साथ सीधा खिलवाड़ है।

शासन और जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि वे इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लें, तथा योग्य और परिणामकारी शिक्षक को पुनः विद्यालय में सेवा प्रदान करने का अवसर दें। साथ ही, संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जाँच भी आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोहराई न जा सकें।

## कुंवर रघुनाथ शाह का 168वां बलिदान दिवस अंजनी तिराहा में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

गोंडवाना गढ़ मंडला के वंशज सन 1857 के क्रांतिकारी महानायक अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह जी का 168वा बलिदान दिवस मूलनिवासी जागृति सेवा समिति राजस्व सर्किल घुटास के तत्वावधान में अंजनी तिराहा बड़ा देव स्थल में भूतपूर्व विधायक तुलसीराम धूमकेती, जिला पंचायत सदस्य सावित्री धूमकेती, समाजसेवी सुनील उइके, एवं क्षेत्र के गोंडी धर्माचार्यों एवं समाज के बुद्धिजीवियों, मातृ शक्तियों, पितृ शक्तियों की उपस्थिति में हल्दी चांवल का तिलक लगाकर गोगो पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात बस स्टैण्ड घुटास में क्षेत्र के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल में माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम ग्राम दूबा में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भूतपूर्व विधायक तुलसीराम धूमकेती ने गोंडवाना के वंशज क्रांतिकारी राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह जी के बलिदान को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद करते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत के सामने जीने से अच्छा, मारना स्वीकार किया। इसी तरह उनका बलिदान सदा ही भारत देश में याद किया जाता रहेगा। जिला पंचायत सदस्य सावित्री धूमकेती ने समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए बच्चों की शिक्षा पर जोर देने के लिए कहा। समाजसेवी सुनील उइके ने राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी के बलिदान को नमन करते हुए समाज को एकजुट होकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा के लिए कहा कि सबसे पहले हमें संगठित होना पड़ेगा, संगठित होकर शिक्षित बनकर शिक्षा को अति आवश्यक बताया। तभी हमारा समाज आगे बढ़ पायेगा। कार्यक्रम को शिक्षक जय सिंह पंद्रे, अमरु सिंह मरावी, ओमकार पर तेती ने भी संबोधित किया। रोहित उर्वेती, प्रहलाद कुलेश, शैलम कुलेश, चंद्रभान उइके, तुलाराम पंद्रे, सुखनंदन परते, संतोष आर्मो, पतिराम मरकाम, राकेश सैयाम के साथ ही छेत्र के गोंडी धर्माचार्यों एवं सैंकड़ों की संख्या में मातृ/पितृ शक्तियों, की उपस्थिति में नन्हे मुन्ने बच्चों ने शैला, कर्मा नृत्य की मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवजीत कुलेश एवं आभार प्रदर्शन पिपरी मॉल के जुझारू एवं ऊर्जावान सरपंच धरम सिंह सैयाम ने किया।

# बाइकर्स गैंग के आतंक पर अंकुश नही लगने से परेशान शहरवासी, शाम से शुरू होकर देर रात तक शहर की सड़कों पर देखने मिलता है मनमानियों का नजारा, बुलट की फटाखानुमा आवाज ने कर दी रात की नींद हराम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।






सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो मनमानी करने वालों को खिलाफ कुछ माह पहले जिस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू किया गया था तो काफी समय तक अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। मगर हाल में ही में धार्मिक कार्यक्रम कहे जावे या फिर अन्य दूसरे कारणों के चलते पुलिस के व्यस्त रहने का परिणाम के चलते शहर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगने से नही चूक रहा है? क्योंकि बीते हुये कुछ दिनों से नगर व क्षेत्र की कानून व्यवस्था पटरी से उतरी हुई देखी जा रही है। जिसका परिणाम है कि नगर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए दिखाई देने लगा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई पड़ रहे जो आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय नगर की पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है। जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है तो दूसरी ओर बडे महानगरों की तर्ज पर गैंगबार जैसे दृश्य दिखाई देने लगे है..? क्योंकि रात को 11 बजे पुलिस द्वारा शहर में पान सहित अन्य दुकानों को बंद करा दिया जाता है। मगर कालोनियों से लेकर गली कुचों की दुकान देर रात खुली रहने के चलते मुख्य मार्गो जैसे दृश्य अब कालोनियों के अंदर दिखाई देना शुरू हो चुका है और आवार गर्दी करने वालों के हुजूम कालोनियों दिखाई देना शुरू हो चुका है...? नगर के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजनों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जाने लगा है। यह बात जरूरी है कि पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार खिलाफ मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है वह निश्चित ही सराहनीय है। मगर मनचलों से लेकर बाइकर्सो के बढ़ते हुये हौसले चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। वही दूसरी यदि शाम होते ही नगर की सड़को की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वाइकर्सो का आंतक इस तरह छाते हुये देखा जाता है कि महिलाओं सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने लगता है...? नगर की सड़को पर बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है। क्योंकि मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों को जिस गति से दौडाया जाता है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है तो दूसरी ओर नगर की सड़को पर आवारा गर्दी और अराजकता का माहौल बीते हुये कुछ दिनों से दिन प्रतिदिन बढ़ता ही चला जा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार का हाल चार पाहिया वाहनों का भी देखने मिल रहा है जिनमें अनेक युवा खुलेआम नगर के अंदर लोगों के घरों के सामने अपनी चार पाहियाँ गाडियों को खडा करते हुए उसमें लगे हुए डेक को तेज आबाज में अश्लील गाना चलाते हुए मदिरा पान करना अपना शौंक समझने लगे है..? रही सही कसर नये फेसन बुलट गाड़ियों में लगे तेज आवाज वाले साईलेशर पूरी करते हुये देखे जा रहे है। यह बुलट गाड़िया देर रात तक शहर की सड़को पर जिस तरह फटाखा फोड़ने वाली आवाज के साथ भ्रमण करते हुये देखी जाती है उसके चलते लोगों की रात को नींद लेना मुश्किल कर दिया गया है। इस तरह नगर में मनमानी करने वालों के खिलाफ कोई अपत्ति लेने का प्रयास करता है तो यह आवारा गर्दी करने वाले उनके साथ मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने की स्थिति निर्मित करने से भी नही चूकते है। कुछ माह पूर्व में इस तरह मनमानी करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा उठाये गये सख्त कदम के चलते काफी राहत महसूस की जाने लगी थी। नगर के लोगों द्वारा पुनः इसी प्रकार से सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है। रात के समय सड़को पर आतंक मचाने वाले इन युवाओं की गाडियों में लगे हुए अनेक प्रकार के तेज आवाज वाले हार्न शांति भंग करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।

## खबर संक्षेप

### युवक की मौत पर बुलेरो चालक पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय क्षेत्र की सड़को पर जिस बेलगाम गति से वाहन दौडते हुये देखे जा रहे है उससे आये दिन लोग बेमौत मरने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया मार्ग पर देखने मिली जहां पर एक बुलेरों चालक द्वारा अपनी गाड़ी को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पैदल चल रही व्यक्ति को टक्कर मार दी गई जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बीते हुये दिवस डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरखेड़ा निवासी मिट्ठू लाल ठाकुर अपने किसी काम से सडक किनारे पैदल कही जा रहा था उसी दौरान चीचली सिद्व बाबा पुलिया के पास एक बुलेरा क्रमांक MP18, CA-0506 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी गई जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही आरोपी चालक अपनी गाड़ी को लेकर मौके से भाग गया। मौजूद लोगों द्वारा घायल मिट्ठू लाल को शासकीय चिकित्सालय चीचली पहुंचाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किये जाने पर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया था। वही मर्ग जांच उपरांत आरोपी बुलेरों चालक के खिलाफ मामला कायम किया गया है।

### मुर्गा - शराब पार्टी के लिये पैसा नही दिये तो कर दी पिटाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी रोहित पिता मुक्तिनाथ तिवारी उम्र 36 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ग्राम सिल्हेटी निवासी उमेश कौरव जो हमारी धरणी शुगर मिल के सामने रोड पर टीन का ढाबा खोले है और आय दिन शराब बेचने के साथ गुण्डा गर्दी करता है । इसी प्रकार से बीते हुये दिवस उमेश कौरव हमारी शुगर फेक्ट्री के अंदर आकर बोला की तुम सब फेक्ट्री के कर्मचारियो को मैं आने जाने नहीं दूँगा। मेरी जमीन से तुम लोग आ जा रहे हो और कहने लगा कि तुम आज पार्टी के लिए 5000 रूपये दो मैं अपने दोस्तों के साथ मुर्गा व शराब की पार्टी करूगा। जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया गया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पशुओं के अवैध परिवहन पर नही लग रहा अंकुश, धड़ल्ले से कुरूर्रता पूर्वक वाहनों पर भरे जा रहे मूक पशु

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं और इन दलालों की बातों में आकर पशु मालिकों का भी लोभ लग जाता है और यह बाजारों में उन पशुओं को लाते हैं और दलालों के माध्यम से बाजार के बाहर ही पशुओं को बेच कर चले जाते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण विगत वर्षों में सांईखेड़ा, चीचली व गाडरवारा थाने के अंतर्गत अवैद्य रूप से पशु ले जाने वालों को पकड़कर पुलिस ने सिद्ध कर दिया था, मगर वर्तमान समय में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इस प्रकार के पशु तस्कारों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है? इस समय देखा जा रहा है।

# किसान पंजीयन केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिये आदेश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने क्षेत्र में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए निर्धारित किसान पंजीयन केन्द्रों में नोडल अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किए हैं। उक्त अधिकारी/ कर्मचारी शासन द्वारा किसान पंजीयन के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करेंगे।जारी आदेश के अनुसार गाडरवारा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी के लिए कृविअ शिवम साहू, समिति कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा के लिए कॉपरेटिव इंसपेक्टर जीपी अहिरवार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सिहोरा के लिए कृविअ सुश्री दिव्या इंग्ले, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवाड़ा के लिए कॉपरेटिव इंसपेक्टर जीपी अहिरवार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था महगवां खुर्द के लिए कृविअ अमित चौहान, समिति कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया के लिए कृविअ शैलेष भाटी, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था चीचली के लिए कृविअ राजेश कुमार साहू, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव के लिए कृविअ अमित चौहान, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बाबई कला के लिए कृविअ कुंदर सिंह मंडलोई, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था पचामा के लिए कृविअ कुंदर सिंह मंडलोई, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था करपगांव के लिए कृविअ सुश्री नीतू उईके, समिति कार्यालय वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बसुरिया के लिए कृविअ विकास वर्मा, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति खेरूआ के लिए कृविअ विकास वर्मा, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी के लिए कृविअ सुश्री दिव्या इंग्ले, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया के लिए कृविअ एके वैश्य, समिति कार्यालय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी के लिए पटवारी गजानन साहू, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था कौड़िया के लिए कृविअ एके वैश्य, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति सहावन के लिए कृविअ कुंदन सिंह मंडलोई, समिति कार्यालय सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुगरिया के लिए पटवारी सचिन तिवारी, समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना के लिए पटवारी पोहप सिंह और समिति कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर- गाडरवारा कृविअ गौरव श्रीवास्तव को पंजीयन केन्द्र में नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार के लिए कृविअ रामकरण पाटीदार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव के लिए कृविअ रामकरण पाटीदार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था रमपुरा के लिए कृविअ सुश्री नंदनी सावले, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था बनवारी के लिए कृविअ जयपाल पवार, समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा के लिए कृविअ त्रिभुवन वर्मा और समिति कार्यालय सेवा सहकारी संस्था सासबहू के लिए कृविअ जयपाल पवार को पंजीयन केन्द्र में नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## दुर्गा समितियों के लिये मंत्री ने प्रदान की गई बड़ी सौगात, अस्थाई विद्युत कनेक्शन की राशि का करेगे भुगतान



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में हर साल देखा जाता है कि दुर्गा समितियों द्वारा माता रानी की स्थापना की तैयारियाँ एक माह पहले से ही शुरू कर दी जाती है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी देखा जा रहा है। क्योंकि किसी भी आयोजन के लिये सबसे पहले धन की जरूरत रहती है। इसकी पूर्ति के लिये यह समितियाँ अपने मुहल्लो, कालोनियों से लेकर वार्डो में चंदा एकत्र करने के लिये निकल जाते है। चंदा एकत्र करने के लिये इन समितियों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है शायद यह सच्चाई किसी से छिपी नही होगी। मगर इसके बाद भी इनके द्वारा लोगों के सामने हाथ जोड़कर उनके द्वारा कहे जाने वाले शब्दों की अनदेखी करते हुये माता रानी की आराधना के लिये सब कुछ सहन करते हुये देखे जाते है। बड़ी मुश्किलों के बीच एकत्र किये गये चंदे के माध्यम से ही इन समितियों को प्रतिमाये खरीदकर लाने से लेकर साज सज्जा सहित अन्य प्रकार की व्यवस्थाये बनानी होती है। मगर सबसे अधिक परेशानी का सामना उस समय करना पड़ता है जब बिजली का उपयोग करने की जरूरत को पूरा करने की बात आती है। इस स्थिति में बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा कहा जाता है कि सभी लोग अपनी अपनी समितियों के लिये अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे। इस तरह बिजली कनेक्शन प्राप्त करने के लिये इन समितियों द्वारा चंदा के रूप में एकत्र की गई राशि का काफी हिस्सा खर्च हो जाता है। मगर इस साल इन दुर्गा समितियों के लिये क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप द्वारा एक बड़ी सौगात प्रदान करते हुये भरोसा दिलाया गया है कि अस्थाई कनेक्शन के लिये लगने वाली राशि व खुद बिजली विभाग को प्रदान करेगे। ज्ञात हो कि नगर की दुर्गा समितियो द्वारा एक राय होकर सभी समितियों को शामिल करते हुये नगर में बनाई गई माई की महापंचायत द्वारा बीते हुये दिवस क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते हुये दुर्गा पंडालों के लिये अस्थाई बिजली कक्नेशन की समस्या से अवगत कराया गया था। दुर्गा समितियों की इस परेशानी को मंत्री द्वारा गंभीरता से लेते हुये तुरंत समाधान करने की घोषणा करते हुये हुए उन्होंने सभी दुर्गा उत्सव समितियोंन की टीसी कनेक्शन की राशि स्वयं के द्वारा प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

# पुलिस ने सरपंच सहित अन्य को ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये किया गिरप्तार



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जुंआ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन में स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गोटीटोरिया शराब ठेका के पीछे कुछ लोग जुंआ खेल रहे है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा छापा मारते हुये मौके पर दीपक पिता डब्बल उर्फ डालंचद यादव, सुरेन्द्र उर्फ सरपंच पिता सियाराम यादव दोनो निवासी गोटीटोरिया व शैलेष पिता ठाकुरदास ठाकुर और गेंदालाल पिता मथुरा प्रसाद विश्वकर्मा दोनो निवासी ग्राम मोहपानी को ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी रूपया जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

### एनटीपीसी स्टोर सुपर बाइजर के साथ हुई मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी तथा एनटीपीसी के स्टोर में सुपर बाईजर के पद पर कार्य करने वाले एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब मेरे घर के सामने मोहल्ले के विश्वकर्मा एवं शनि कहार और उसके साथी लडाई झगडा कर रहे थें। प्रार्थी ने उन लोगो को बोला कि मेरी दादी बीमार है यहा पर झगडा मत करो तो वह लोग चले गये थें। मगर इसके बाद दूसरे दिन जब प्रार्थी एनटीपीसी से अपनी ड्युटी कर घर आ रहा था जैसे ही घर के पास पहुचा तो एक दिन पहले की बात को लेकर शनि कहार एवं गिरधारी कहार प्रार्थी से बोले कि तु ज्यादा क्यो बोलता है। वही गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो शनि व गिरधारी कहार द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। उसी दौरान अरूण सरदार एवं काली सरदार का लड़का भी आ गये और उनके द्वारा भी मारपीट की गई। शोर मचने के चलते प्रार्थी का भाइर आशुतोष भट्ट तथा माँ ने आकर बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उनको भी धक्का मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## बूथ लेवल अधिकारियो का ऑडीटोरियम में संपन्न हुये प्रशिक्षण






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय पी जी कॉलेज ऑडीटोरियम में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण बूथ लेवल अधिकारियो (BLO) को अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे एवं तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर उत्तम वर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। बताया जाता है कि इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रपत्रों में मांगी गई संख्यात्मक जानकारी के प्रपत्रों की पूर्ति हेतु विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान बी एलओ को निर्वाचन नामावली की जांच और उसे अद्यतन करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के संबंध में जरूरी जानकारी दी गई। वही प्रपत्रों में संख्यात्मक जानकारी भरने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी को 2025 एवं 2003 की निर्वाचन नामावली प्रदाय की गई जिससे वे अपने कार्य को सुचारु रूप से कर सकें। प्रशिक्षण में सतेंद्र साहू एवं राजेंद्र विश्वकर्मा का सहयोग रहा जिन्होंने प्रशिक्षण को सफल बनाने में भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य BLO को निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था जिससे वे अपने कार्य को प्रभावी ढंग से पूर्ण कर सकें और निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बना सकें। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमति ब्यारे ने कहा कि सभी बीएलओ सक्रियता से कार्य करें एवं कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।

### शहर के वीरान इलाकों से लेकर ढ़ाबों में देर रात तक खुलेआम जाम छलकते हुये पड़ रहे दिखाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां पूर्व के समय में लोग शराब पीने के लिए ऐसी जगह खोजते थें जहां पर किसी की नजर न पड़े। मगर इस समय तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों द्वारा जहां तहां बैठकर शराब का सेवन करते हुए नशे की हालत में सड़कों पर घूमते हुए आसानी से देख जा राकता है? इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो वर्तमान में अनुमानतः शहर के 60 प्रतिशत युवाओं और किशोरो में शराब पीने का शौक ऐसा लगा है कि वे रात को बिना जाम छलकाये रह ही नही पा रहे है, जिसके चलते वे शहर में एक भी वीयरवार न होने और अधिकांश शहर में बने हुये ढ़ावों में शराब के जाम छलकाने के लिए उपयुक्त जगहों पर जाना पड़ता है और खुलेआम नगर के पास पास बने हुये ढ़ावों में देर रात तक शराब खोरी होते हुये दिखाई दे रही है? बताया जाता है कि इन दिनों शराब के शौकिनों द्वारा नगर के वायपास मार्ग पर स्थित ढ़ाबों में जहां खुलेआम शराब की विक्री होने के साथ साथ यहां पर देर रात तक शराब पीने वालों की महफिले सजी हुई देखी जा रही है...? इतना नही नही हालत यह बन चुकी है कि शहर से चंद कदम दूरी पर संचालित होने वाले इन ढाबो में अवैध रूप से बिकने वाली शराब व देर रात के होने वाली शराब खोरी के चलते जहां क्षेत्र के गांवों के लोगों का शहर आना मुश्किल होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर रात के समय ट्रेनों से उतरकर अपने गांव जाने वाले लोग भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है।

## साईंखेड़ा में में आयोजित हुई बीपीएमयू बैठक



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** विकास खंड सांईखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में बीआरसी साईखेड़ा संदीप स्थापक ने सभी ग्राम/बसाहट में चाईल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से शाला में नामांकित एवं शाला से बाहर के 6 से 18 आयु वर्ग के छात्रों के सर्वे संबंधित पार्ट बी फीड करने के साथ एफएलएन मेला का आयोजन, मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना, एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, पुस्तक रिसीविंग, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट, कर्मयोगी प्रशिक्षण, दिव्यांग शिविर इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही इस बैठक में उपस्थित बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजौरिया ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने तथा शाला संचालन में नियमितता के साथ स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, मैपिंग प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल कार्य संबंधी चर्चा की एवं आज 20 सितंबर को होने वाले असाक्षरों के मूल्यांकन लक्ष्य एवं उपलब्धि स्तर, ग्राम बसाहट में असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे वेद प्रकाश राजपूत, दीपक आरसे, दीपक स्थापक, देवी सिंह कीर, अपसार खान, बनवारी लाल नागवंशी, नेपाल झारिया, आजाद कौरव, सुरेन्द्र राजपूत, अवधेश पटैल,प्रदीप मालवीय, पंकज पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## सहायक संचालक ने बीआरसी के साथ किया स्कूलों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

स्थानीय ब्लाक शिक्षा अधिकारी व सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक के साथ समीपस्थ ग्राम झांझनखेड़ा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनका शैक्षिक मूल्यांकन किया एवं कहा कि बच्चों की एफएलएन एवं एटग्रेड वर्कबुक नियमित रूप से जांचे एवं अशुद्धियों पर गोला लगाएं। वही बच्चों को सुलेख एवं पहाडे का अभ्यास कराएं एवं सभी शिक्षक कर्मयोगी प्रशिक्षण पूर्ण करें। इस दौरान बीआरसी स्थापक ने शर्मा परिवार गाडरवारा द्वारा प्राथमिक शाला के लिए प्रदत्त 5000 रु की राशि भी शिक्षकों ब्रजेश कौरव एवं अखिलेश शर्मा को दी। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। निरीक्षण उपरांत उन्होंने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाडा के तहत किया शिक्षक सम्म्मान सहित महिला सशक्तिकरण व्याख्यान का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय चल रहे सेवा पखवाडे के दौरान नगर के महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान सहित महिला सशक्तिकरा व्याख्यान के साथ अनेक प्रकार कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मिनेन्द्र डागा रहे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भगतदास महंत द्वारा की गई। विष्टि अतिथि के रूप में डा बी एल चौहान, द्विविजय सिंह राजपूत, राहित अवस्थी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमित स्वाति अग्रवाल, डॉ संगीता यादव प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, राकेश खैमारिया जन भागीदारी समिति सहित चंद्र मोहन विश्वकर्मा प्राचार्य संदीपनी विद्यालय, चौधरी रघुराज सिंह पटैल, सुरेन्द्र बोहरे, सुनील राय, कीरत पटैल, जितेन्द्र पटैल, चंद्रपाल सिंह राजपूत जनपद सदस्य, आशीष तिवारी प्रभारी सेवा पखवाडा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वही दूसरी ओर शिक्षकों को सम्मानित करते हुये अतिथियों ने कहा कि बडे ही सौभाग्य की बात है कि हमको देश के भविष्य के निर्माताओं का सम्मान करने का अवसर मिला है।

**In The Court Of III Additional District and Session Judge Gadarwara, District Narsimhapur**
**Presiding Officer: पंकज जायसवाल**
(आवेदन आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
(MJC GW/0000010/2025 )
वंदना पटैल.................................वादी Vs
सर्वसाधारण.................................प्रतिवादी
P.N. 801/25 Process Id-/2025
सर्वसाधारण तारीख पेशी - 24/10/2025
यह कि आवेदिका वंदना पटैल पत्नि स्व. श्री अमित पटैल जाति किरार निवासी ग्राम खुलरी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर ने इस न्यायालय में एमजेसी गार्जियन एण्ड वाईर्स एक्ट के तहत एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते ना. बा. अमायरा पटेल पिता स्व. अमित पटैल निवासी ग्राम खुलरी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मप्र की संरक्षक नियुक्ति के लिये सर्वसाधारण के विरूद्ध दावा संस्थित किया है, जिसका प्रकरण क्रमांक MJC GW 10/2025 है। ना.वा. अमायरा पटेल के पिता अमित पटेल का स्वर्गवास दिनांक 27-06-2021 को हो जाने से नाबालिग अमायरा पटेल के नाम से मौजा मुडिया तहसील गाडरवारा में खसरा नंबर 123 रकवा 1.785 हेक्टेयर, ख.नं. 122/2/1 रकवा 0.138 हे., खसरा नंबर 124/1 रकवा 0.599 हें, खसरा नं. 147/4 रकवा 0.075 हें, भूमि में हक व हिस्सा है उक्त भूमि अमायरा पटेल के हिस्से की भूमि में कृषि सुधार हेतु वंदना पटेल बली व नैसर्गिक संरक्षक की हैसियत से के.सी. बनवाना चाहती है। सर्वसाधारण को इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 24-10-2025 को समय 11 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि पेशी दिनॉक 24-10-2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है या शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी। आज तारीख 10 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
गाडरवारा, दिनांक- 28/07/2025
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश - (पंकज जायसवाल)
तृतीय जिला न्यायाधीश
गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

## खबर संक्षेप

### मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आज

**उमरिया।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए जिले में 621 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं, जिसके माध्यम से 25080 नवसाक्षर परीक्षा देंगे । उन्होंने बताया कि करकेली विकासखंड में 271 परीक्षा केन्द्रों में 9249, मानपुर विकासखंड में 180 परीक्षा केन्द्रों में 9105 तथा पाली विकासखंड में 170 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 6726 नव साक्षर परीक्षा देंगे । परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा अभियान धरणेन्द्र कुमार जैन ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए निरीक्षण दल गठित किया है । निरीक्षण दल का दायित्व होगा कि परीक्षा तिथि को सौपे गये क्षेत्र में परीक्षा केंद्र का निर्धारित प्रपत्र अनुसार निरीक्षण करें और प्रतिवेदन के साथ 22 सितंबर को कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला शिक्षा केंद्र उमरिया में जमा कराएं ।

### गहरे पानी में बहे शव को एसडीआरएफ ने किया पुलिस के सुपुर्द

**उमरिया।** ग्राम कछरवार के उमरार नदी मे बहे युवक को एसडीआरएफ की टीम ने 19 सितंबर को ढूढ़ निकाला । बताया जाता है कि शव को गहरे पानी से निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मृतक का नाम रामजी पांडे पिता जानकी प्रसाद पांडेय उम्र 45 वर्ष लगभग निवासी ग्राम अंचला है। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू वाहन चालक , सैनिक श्रवण कुमार,सैनिक मूरत पाल, सैनिक बलबीर खोल,सैनिक लखन सिंह, सैनिक ईश्वर सिंह उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत बरबसपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर संपन्न

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । ग्राम के खाताधारकों का आरकेवायसी के साथ सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं का पंजीयन कराया गया । शिविर में इंदु कोल , मीरा कोल , मंगलिया रैदास की मृत्यु आकस्मिक होने पर उनके नामिनी क्रमशः राहुल कोल, समरजीत कोल, मुन्नी बाई को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया गया । शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से रामनगर , भारतीय स्टेट बैंक उमरिया के मुख्य प्रबंधक निशांत बाजपेई, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक उमरिया के शाखा प्रबंधक,यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक एवं ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच,सचिव, एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# स्वयं में बदलाव व आनंदित रहने के लिए करंजिया में 'अल्पविराम परिचय' कार्यशाला सम्पन्न



**डिंडौरी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में जन अभियान परिषद द्वारा आनंद विभाग/जन अभियान परिषद के सहयोग से 'अल्पविराम परिचय' कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाना, आनंदित रहना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि गजेंद्र करचाम, जिला सह-खंड कार्यवाहक पंकज चंदेल, जिला युवा मोर्चा महामंत्री रितुराज टांडिया, मास्टर ट्रेनर आनंद विभाग श्रीमती मंजुषा शर्मा (शिक्षा विभाग), मास्टर ट्रेनर राकेश गुप्ता, मास्टर ट्रेनर शहपुरा सोहन साहू, जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान, प्राचार्य अजय राय एवं विकासखंड समन्वयक भानु प्रताप मरावी द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया।

मास्टर ट्रेनर श्री सोहन साहू ने 'आनंद का महत्व' विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि "वास्तविक आनंद धन-संपत्ति से नहीं, बल्कि सकारात्मक सोच, सहयोग और संतोष से प्राप्त होता है।" वहीं मास्टर ट्रेनर श्रीमती मंजुषा शर्मा ने प्रारंभिक सत्र में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय कराते हुए खेल गतिविधियों के माध्यम से आनंद की अनुभूति कराई।

कार्यशाला में समूह चर्चा और प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सीखा कि कैसे आनंद व्यवहार और रिश्तों में स्थायित्व लाता है। जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि "शांत समय में अंतरात्मा की आवाज को सुनने का अभ्यास ही अल्पविराम है। जीवन और कार्यक्षेत्र में इस सीख को लागू करने से मानसिक तनाव कम होगा और कार्य में दक्षता बढ़ेगी। जनपद सदस्य गजेंद्र करचाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को नई दिशा देते हैं। इस दौरान समग्र स्वच्छता के ब्लॉक समन्वयक श्री चित्रभान श्याम, जन अभियान परिषद के समिति सदस्य, नवांकुर समिति, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आनंदित व्यवहार अपनाकर समाज में खुशहाली और सकारात्मकता फैलाएँगे। श्री सोहन साहू ने प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किया और 'आनंद उत्सव' के माध्यम से निरंतर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण संदेश दिया।

समापन सत्र में राजकुमार मोगरे (पूर्व मंडल अध्यक्ष, करंजिया), जगदीश सिंह धुर्वे (पूर्व मंडल महामंत्री), पुष्पेंद्र सिंह तेकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक और जीवन-उन्मुख बना दिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं योगाभ्यास का आयोजन



**डिंडौरी।** आयुक्त संचालनालय आयुष, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं प्रकृति प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला पोंडी, विकासखंड शहपुरा में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें बीपी, मधुमेह, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं तथा अन्य बीमारियों के अनुसार आवश्यक औषधियों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। साथ ही विद्यालय एवं औषधालय परिसर में साफ-सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण कार्य भी संपन्न हुआ।

शिविर में डॉ. शुभम देवी परस्ते, डॉ. आशीष श्याम, डॉ. खुशबू गुलवानी, डॉ. विजय झरे, कंपाउंडर हरपाल सिंह परस्ते, बराती लाल कुशराम, राम बगस उइके, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्रोपती मानिकपुरी, हेमवती, संध्या, लामिया करचाम, संध्या मानिकपुरी, दीपचंद, किरण लोधी, हमीरा चंद मरावी, भजनलाल झरिया, लहर दास, अशोक धुर्वे आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

योग प्रशिक्षक मनीष गायकवाल, सरजू सिंह परस्ते, सुशील धुर्वे, सुरेखा करचाम एवं आरती बेलिया के मार्गदर्शन में महिलाओं एवं बच्चों को सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। इस आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन देने का संदेश भी दिया गया।

# सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन



**शहपुरा** - सांदीपनि विद्यालय शहपुरा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार की दोपहर बाद एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य यशवंत कुमार साहू, समस्त शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में आकर्षक कविता पाठ, प्रेरक भाषण और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा वातावरण उल्लास और भावनाओं से भर गया।

छात्र-छात्राओं ने अपने भाषणों में कहा कि शिक्षक ही उनके जीवन के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं, जो उन्हें कठिनाइयों से निकलकर सफलता की ओर अग्रसर करते हैं। वहीं, कविता पाठ के माध्यम से बच्चों ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित किया। नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**इस अवसर पर प्राचार्य यशवंत कुमार साहू ने कहा कि –**

"शिक्षक समाज की आत्मा होते हैं। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों को संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की कला सिखाती है। विद्यार्थी यदि मेहनत और ईमानदारी को अपना मंत्र बना लें तो जीवन में सफलता निश्चित है।" शिक्षकगण ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई में बल्कि नैतिक मूल्यों, संस्कार और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकों को सम्मानित किया गया और आभार व्यक्त किया गया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाते रहेंगे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**डिंडौरी ।** आगामी 22 सितंबर से नवरात्रि पर्व 30 सितंबर को अष्टमी एवं 02 अक्टूबर को दशहरा पर्व का त्यौहार परम्परागत, सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण मनाने के संबंध में शुक्रवार को अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 22 सितंबर से नवरात्रि पर्व 30 सितंबर दुर्गाअष्टमी एवं 02 अक्टूबर 2025 को दशहरा के पर्व मनायें जायेंगे। जिले में सभी त्यौहारों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सभी लोगों की सहभागिता से अपनी परम्परानुसार मनाये जायेंगे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने आगामी त्यौहारों के संबंध में अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये।

बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधि सदस्यों ने नगर के सभी सडकों को सीवर लाइन कंपनी के द्वारा जगह-जगह गडढे खोदे जाने के कारण आवागमन में परेशानी आ रही है। जिसे समतल कराने की मांग रखी जिस पर अपर कलेक्टर ने दो दिवस के अन्दर निर्माण एजेंसी एवं नगर परिषद सीएमओ डिंडौरी को समतल कराने के निर्देश दिए। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बस स्टेण्ड से नर्मदा नदी के किनारे मत्स्य दुकानों को अन्य जगह पर स्थापित करने की मांग रखी। मीट मछली की दुकाने उचित स्थान पर लगाने के नगर पालिका सीएमओ और तहसीलदार डिंडौरी को निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने नर्मदा पुल पर बारिश के दौरान बहाव के कारण पुल के दोनों किनारों पर मिटटी का जमाव होने के कारण कीचड फैल रहा है जिसे सीएमओ नगर परिषद डिंडौरी को सफाई करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि घाटों को छोडकर दुर्गा विसर्जन के कुण्ड में किया जाए। बैठक में उपस्थित होमगार्ड के डिस्टिक कमाण्डेंट को निर्देशित किया गया कि विसर्जन स्थल पर लाइफ जैकेट, रस्सी के साथ तैराक होमगार्ड के जवान एवं गोताखोर सभी घाटों में तैनात रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 108 एम्बुलेंस जीवन रक्षक दवाईयों के साथ चिकित्सक टीम के साथ उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थानीय शांति समिति/पण्डाल अध्यक्षों की बैठक बुलाकर विद्युत कनेक्शन समिति के सदस्य के नाम, मोबाइल नंबर, एवं डीजे के प्रयोग पर प्रतिबंध, कम आवाज में स्पीकर चलाने, मार्गों में अवरोध उत्पन्न न होने देने, आदि के संबंध में आवश्यक हिदायत देने के निर्देश दिए। उक्त पर्व के अवसर पर धारदार हथियारों को लेकर घूमने पर पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है। अपर कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से अपील की है कि अपने-अपने स्तर से नगर वार्डों एवं कस्बों में साम्प्रदायिक सद्भाव व सौहार्द हर हाल में बनाए रखने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम, फायर ब्रिगेड, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को सजग रहने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव ने त्यौहारों के मद्देनजर मिष्ठान भण्डारों में खाद्य गुणवत्ता की सघन जाँच करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान पुलिस व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 5 किमी मैराथन रेस और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

**डिंडौरी।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिले में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 5 किमी मैराथन रेस एवं साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहनी सिंह के निर्देशन में दिनांक 19 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें जिलेभर के पुलिस कर्मियों, छात्र-छात्राओं व गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।रेस का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जोगीटिकरिया तक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, एसडीओपी सतीश द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। रेस में लगभग 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जिला पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी, गोपनीय सैनिक, ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्य एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ शामिल रहे।मैराथन रेस पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर अवंतीबाई तिराहा, सुबखार नाका, चंद्रविजय कॉलेज, मारुति एजेंसी एवं मिडवेट्रिट मार्ग से होते हुए जोगीटिकरिया पुल पर समाप्त हुई।रेस के उपरांत सभी प्रतिभागियों और



अधिकारियों ने जोगीटिकरिया घाट पर साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

**विजेताओं को कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, अवधराज बिलैया, प्रदेश अनुसूचित जनजाति संगठन के महामंत्री पंकज सिंह तेकाम, सुधीर दत्त, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, पूर्व महामंत्री जय सिंह मरावी,



कोषाध्यक्ष स्कन्द चौकसे, महेश धूमकेती, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान, नेहरू युवा केंद्र से आर.पी. कुशवाहा, थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईके, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विभिन्न थानों के अधिकारी-कर्मचारी, एसएएफ, गोपनीय सैनिक, विशेष सहयोगी दस्ता, ग्राम/नगर रक्षा समिति सदस्य, छात्रावास अधीक्षक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने जिले में स्वास्थ्य, अनुशासन और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने का सफल प्रयास किया।

# सामाजिक कुरुतियों के प्रति जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सामाजिक कुरुतियों के प्रति जागरुकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह ने कहा कि समाज में सामाजिक कुरुतियों के कारण समाज का पिछड़ना, आर्थिक और सामाजिक विकास में सबसे बड़ी समस्या हैं। इसके साथ ही डॉ. सीमा डावर सहित महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा भी सामाजिक कुरुतियों से होने वाली समस्याओं से अवगत कराएं और उनसे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अतिथि विद्वान भर्ती में अब तक चॉइस फिलिंग शुरू नहीं

## अभ्यर्थियों ने जताई नाराज़गी, त्वरित कार्यवाही की मांग

**शहपुरा-** मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान नियुक्ति प्रक्रिया 2025-26 को लेकर अभ्यर्थियों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। विभाग द्वारा 2 सितम्बर 2025 को जारी आदेश (पत्र क्रमांक DHE/0704/2025) में यह स्पष्ट किया गया था कि सत्यापित एवं नए अभ्यर्थियों को चॉइस फिलिंग का अवसर मिलेगा। लेकिन आज दिनांक तक उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर यह प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।



इस देरी से सैकड़ों अभ्यर्थी बेचैनी और मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से केवल रजिस्ट्रेशन कराया गया, लेकिन चॉइस फिलिंग का अवसर नहीं दिया गया। अब जब 2 साल बाद मौका मिला था, तब भी प्रक्रिया शुरू न होना उनके भविष्य को अधर में लटका रहा है।

नए अभ्यर्थियों ने स्पष्ट कहा कि विभाग को पहले घोषित समय-सारणी का पालन करना चाहिए और सभी सत्यापित व नए उम्मीदवारों को समान अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। उनका आरोप है कि पिछले वर्षों में "फॉलन आउट" और "ट्रांसफर" के नाम पर पुराने अतिथि विद्वानों को बार-बार मौके दिए गए, जबकि उनमें से कई यूजीसी की न्यूनतम योग्यता भी पूरी नहीं करते।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान में कुछ पुराने अतिथि विद्वान नई समय-सारणी का विरोध कर रहे हैं, जबकि यह अवसर योग्य नए उम्मीदवारों के लिए बेहद ज़रूरी है। यदि विभाग ने पुराने विद्वानों को एक बार फिर अनुचित लाभ पहुँचाने की कोशिश की तो नए अभ्यर्थी इसका हर स्तर पर विरोध करेंगे।

सभी अभ्यर्थियों ने मिलकर उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि चॉइस फिलिंग प्रक्रिया बिना किसी और देरी के तुरंत शुरू की जाए, ताकि भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।इस संबंध में अभ्यर्थियों ने राज्य के कई संभागीय अतिरिक्त निदेशकों को भी ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखी हैं।

# राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का 168वां बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** आदिवासी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केवल कृष्ण नेटी द्वारा ग्राम मुरता में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर पारम्परिक प्रथानुसार हल्दी चावल का तिलक लगाकर श्रद्धांजलि दी गई। आयोजित सभा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह द्वारा देश की आजादी में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हुए 14 सितंबर 1857 को इन्हें अंग्रेजी सेना द्वारा गिरफ्तार किया गया और अंग्रेजों के अधीन रहने मजबूर किया गया, कारण कि इन्हें आजादी की जुनून सवार था। इससे बौखलाएं अंग्रेजों ने तोप के मुहाने में बांधकर 18 सितंबर 1857 को उड़ा दिया गया था। इसी कड़ी में राय सिंह मरकाम सरपंच घेवरी, कमल कुशराम ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी समनापुर, दलसिंह धुर्वे आदि द्वारा भी अमर शहीदों के शोर्य पराक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताएं कि जबलपुर स्थित बंदीग्रह को तत्कालीन जनजाति कार्य मंत्री ओमकार सिंह मरकाम विधायक डिंडौरी द्वारा प्रेरणा केंद्र के रूप में स्थापित कर भारतीय इतिहास में आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम सिंह मरावी, छत्तर सिंह नेताम, शान मंसूरी, जगत सिंह सैयाम, लियाकत अली, केहर सिंह, सुंदर लाल, चमरू चड़चड़िया, शिव कुमार, भंवर सिंह, मनोहर सरैया, विश्वनाथ कुशराम, केशव बघेल, आनंदी धुर्वे, प्रीतम लाल, अघन सिंह आदि भारी संख्या में आदिवासी कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेरा परिसर, मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत वन विभाग द्वारा चलाया गया स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम



**डिंडोरी।** सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत वनमंडल डिंडोरी के सामान्य वन परिक्षेत्र डिंडोरी में "मेरा परिसर, मेरा अभिमान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर एवं उपवन मंडल अधिकारी शाहपुरा सुनील कुमार अशोक के निर्देशन में संपन्न हुआ।अभियान के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कार्यालय शाहपुर के प्रांगण एवं आसपास के मार्गों की साफ-सफाई की गई। सूखे पत्ते, प्लास्टिक, कागज के टुकड़े आदि को खरेटा और झाड़ू की मदद से एकत्र कर डस्टबिन में डाला गया। इस दौरान सफाई से पहले और बाद की फोटोग्राफ्स भी ली गईं।सफाई के उपरांत कार्यालय परिसर में फलदार वृक्षों का रोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित हो।

इस अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहपुर सुदीप मिश्रा, उप वन क्षेत्रपाल धनवीर सिंह मरावी, वनपाल भरतलाल यादव, बृज किशोर मरावी, सुदामा ठाकुर, भैरव दास मोगरे, वनरक्षक संतोष रजक, आलोक धूमकेती, अनुराग मरावी, ममता परस्ते, शिववती पाटले, लीना रनवास, अनीसा मरकाम, मन्दाकिनी मार्को धुर्वे, आलोक यादव, धनंजय बैस, यशवंत धुर्वे, पंकज धुर्वे, अजेश्वर मरावी, खेमकरण, शिवचरण मसराम परस्ते, महादेव कुशराम, बहीद खान, कुलदीप मरावी, सगनू यादव (स्थायी कर्मी) सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि सभी कर्मचारियों में स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी रहा। उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

### सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यशाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह के मार्गदर्शन एवं एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर के निर्देशन में एन.सी.सी. कैडेट एवं महाविद्यालय के छात्रों को जैविक खेती के संबंध में जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश कुमार ठाकुर द्वारा बताया गया कि आज की जीवन शैली में जिन खाद्य पदार्थों का हम सेवन कर रहे हैं उनमें अत्यधिक रासायनिक खाद का उपयोग किया जा रहा है। कैडेट के माध्यम से गांवों के किसानों को यह संदेश पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्हें बताया गया कि स्वास्थ्य लाभ जैविक खाद्य पदार्थ सुरक्षित, स्वास्थ्य वर्धक और कीटनाशक से मुक्त होते हैं। भारत सरकार जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना जैसी योजनाओं के माध्यम से जैविक उपलब्धता बढा रही है। रसायन युक्त भोजन की मांग युवा पीढ़ी सहित उपभोक्ताओं में बढते स्वास्थ्य की प्रति जागरूक होने के कारण जैविक फलों और सब्जियों की मांग शहरों में बढी है। मानव स्वास्थ्य के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग बंद करके सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्रदान करती है। जैविक खेती मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता और स्वास्थ्य को बनाए रखती है। सीनियर अंडर ऑफिसर संतोष संदेले, दीपक धानक, पूनम राजपूत, मुस्कान जाटव, तरासी तिवारी, रजनी हरिजन और कैडेट उपस्थित रहे।

### कृषि सखियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किए



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल की मौजूदगी में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती योजना अंतर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर 50 कृषि सखियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान अतिथियों ने सभी प्रशिक्षित कृषि सखियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किए। प्रशिक्षण में जिले के विकास खंडों से चयनित 50 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता निभाते हुए उन्हें कृषि सखी के रूप में प्रशिक्षित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने प्राकृतिक खेती में कृषि सखियों के योगदान की सराहना करते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने व मृदा स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और रसायन मुक्त उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ. एसआर शर्मा ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के उद्देश्यों को बताते हुए प्राकृतिक खेती में उनकी भूमिका और लक्ष्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. विजय सूर्यवंशी ने प्राकृतिक खेती पर जीवामृत, दशपणी अर्क, नीमास्त्र, अग्निअस्त्र आदि तकनीकी विषयों पर जानकारी दी।

### धान उपार्जन की तैयारी हेतु बैठक 22 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उप सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में धान उपार्जन की तैयारी एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संभागीय समीक्षा बैठक एनआईसी के माध्यम से 22 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उपार्जन एवं पीडीएस से संबंधित किसान के साथ- साथ जिले के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक 24 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति जिला स्तरीय समीक्षा समिति- डीएलसीसी डीएलआरसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 24 सितम्बर को आयोजित की जाएगी। अग्रणी जिला प्रबंधक नरसिंहपुर ने बताया कि डीएलसीसी की बैठक शाम 4 बजे से और डीएलआरसी की बैठक शाम 5.30 बजे से आयोजित की जाएगी।

## किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग

# राकिम महासंघ ने सौंपा 28 सूत्रीय ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि किसानों की मांगों एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। ज्ञात हो कि जिले मे किसानों की समस्याओं बीते लंबे समय से निराकरण नहीं किया जा रहा है जिससे जिले का किसान परेशान बना हुआ आए दिन किसानों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है लेकिन प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। समस्याओं का निराकरण ना होने पर किसानों द्वारा विशाल ट्रैक्टर मार्च निकालकर उग्र प्रदर्शन किया जावेगा।

### ये रही मांगे

ज्ञापन में मांग की गई है कि समर्थन मूल्य पर की गई मूंग एवं उड़द खरीदी का शेष रह गया बकाया भुगतान शीघ्र कराया जाए । जिले में हुई लगातार बारिश और अतिवृष्टि के कारण अरहर, मक्का, सोयाबीन, उड़द आदि में जलभराव के कारण खराब हो गई एवं कुछ फसलों में फूल-फर पर आते ही तेज बारिश के कारण नष्ट हुई फसलों का किसानों द्वारा आवेदन मिलने पर शीघ्र पटवारी से सर्वे करवाते हुए आर बी सी 6/4 के अनुसार शीघ्र भुगतान किया जाए साथ ही मुआवजा राशि बढ़ाई जाए जिससे किसानों को राहत मिल सके। सुअरों एवं आवारा मवेशियों के द्वारा बर्बाद की गई किसानों की फसलों का किसामाद्वारा आवेदन मिलने पर आर बी सी 6/4 के अनुसार फसलों की क्षतिपूर्ति राशि किसानों के बैंक खाते में शीघ्र दी जावे। अवारा बेसहारा घूम रहे मवेशियों के लिए शासन प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए गौ, पशु संरक्षण व आए दिन सैकड़ों से हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए शासन द्वारा विशेष पैकेज देकर प्रशासन के साथ-साथ समाज सेवी संगठनों व किसान संघों को भी इसकी जिम्मेदारी देते हुए अभियान से जोड़ते हुए अच्छी क्वालिटी के लंबे समय तक चलने वाले विभिन्न प्रकार की चमकीली पट्टी और रेडियम या अन्य सामग्री उपलब्ध कराए जाएं जिससे सड़क पर विचरण कर रहे आवारा बेसहारा पशुओं और मानव जीवन को हो रही दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। साथ ही गौशालाओं को बढ़ाया जाए व गौ माता सेवा हेतु आवश्यक खाने-पीने व चिकित्सा सुविधा बढ़ाई जाए और पर्याप्त व्यवस्था की जावे।

### डीएपी, यूरिया की रहे उपलब्धता

जिले में आवश्यक खादों डीएपी, यूरिया, पोटाश जैसी महत्वपूर्ण खादों की आपूर्ति शीघ्र कराई जाए। नकली दवाओं व खाद का की कालाबाजारी करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जावे तथा किसानों को पक्का बिल दिया जाए। वर्ष 2023 24 का रवि एवं खरीफ फसलों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि फसल क्षति होने के बाद भी नहीं आया है कृपया किसानों के बैंक खाते में शीघ्र वर्ष 2023-24 के रवि एवं खरीफ फसलों का बीमा राशि डाली जाए। समर्थन मूल्य पर नरसिंहपुर जिले में सोयाबीन, मक्का एवं अरहर की खरीदी की सरकार द्वारा घोषणा शीघ्र करते हुए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कराई जावे। किसानों को कृषि कार्य हेतु खेतों में 1 दिन में 6-6 घंटे की शिफ्ट में 10 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे



बिजली उपलब्ध कराई जाए। मध्यप्रदेश में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सी 2. 50: के फार्मूले को लागू किया जाए एवं किसानों को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिलाया जाए।

### गन्ने का दिलाया जाए भुगतान

ज्ञापन में मांग की गई है कि बीते लंबे समय से आर आर एग्रो इंडस्ट्रीज, बड़गुआ, नयागाव खाडसारी मिल में 225 से अधिक किसानों का 3 साल से 4 करोड़ से ऊपर का बकाया भुगतान व्याज सहित शीघ दिलाया जाए। आगामी गन्ना पेराई सीजन में शुगर फैक्ट्री के गन्ना खरीदी सेंटरों पर भी भाड़ा फ्री करते हुए एफ आर पी और उसके रिकवरी के बढ़ते मूल्य के अनुसार फैक्ट्री रेट पर खरीदी की जाए, या प्रदेश सरकार इस भाड़े (ट्रांसपोर्ट) का खर्च वहन करें जिससे किसानों को राहत मिलेगी। गन्ना नीति को सख्त करते हुए कड़े कानून बनाए जाएं। जिले में कई शुगर फैक्ट्री द्वारा किसानों से गन्ना खरीदी से तौल कांटों में छेड़खानी कर किसानों से लूट की जाती है जिसे पर रोक लगाया जाए। खेत सड़क योजना पुनः चालू की जाए। समर्थन मूल्य पर सभी फसलों के खरीदी की गारंटी का कानून बनाया जाए। मंडी चुनाव शीघ्र कराए जाएं। ज्ञापन में बताया गया है कि किसानों की समस्याओं की शीघ्र निराकरण किया जाए। यदि इनका समाधान जल्द नहीं हुआ तो हम किसानों को मजबूरन वश विवश होकर बड़े धरना, प्रदर्शन, ट्रैक्टर मार्च एवं घेराव जैसे विशाल गांधीवादी आंदोलन करने अब कभी भी मजबूर होना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी व जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उक्त मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ प्रातांध्यक्ष ऋषिराज पटेल, कमल सिंह, रामजी लोधी, गोविन्द लोधी, मनीष लोधी , अरविन्द लोधी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 22 सितम्बर से नवदुर्गा और दो अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व शांतिपूर्वक मनाये जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, मैथिलीशरण तिवारी, विभाष जैन, चंद्रशेखर साहू, एड. विनय जैन, किशन गुप्ता, मनमोहन सिंह, एड. तराना वाहिद खान, अब्दुल हकीम खान, गुड्डू मालगुजार, तरवर सिंह पटेल, कमलेश जैन, इंद्रपाल सिंह सगर, दिनेश दुबे, सहित अन्य अधिकारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि जुलूस के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पुलिस की अनुमति के उपरांत ही किया जाए। दुर्गा पंडालों में वाद्य यंत्र लाउडस्पीकर बजाने के संबंध में नियमानुसार अनुमति लेने के उपरांत ही निर्धारित सीमा में लाउड स्पीकर बजाए जा सकेंगे। दुर्गा जी की प्रतिमाएं स्थापित स्थलों के संबंध में स्थानीय पुलिस को सूचना दी जाए और वालंटियर्स की सूची भी प्रदान की जाए। दुर्गा पंडालों में उपयोग हेतु विद्युत कनेक्शन के लिए विधिवत रूप से अनुमति ली जाए।

### 168 वां बलिदान दिवस पर किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अमर बलिदानी महाराज शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का 168 वां बलिदान दिवस म.प्र. आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी समाज उत्थान परिषद के तत्वाधान में बाजार चौक मुंगवानी में मनाया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, पूर्व मंडी अध्यक्ष रविन्द्र पटेल, एम एस धुर्वे, शोभाराम ठाकुर अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष चांवरपाठा, जे. एस धुर्वे, गौड़ समाज महासभा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, पूर्व सरपंच रूपसिंह उड़के आदि गणमान्य शामिल रहे। अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण और पूजन किया। इसके पश्चात आदिवासी समुदाय की पारंपरिक नृत्य और संस्कृति का प्रदर्शन किया जिसमें सभी अतिथियों का मन मोह लिया। अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने आदिवासी के उत्थान के लिए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के लिए 10000 रुपए की राशि प्रदान की। विधायक महेंद्र नागेश द्वारा 5000 की राशि प्रदान की। पूर्व मंडी अध्यक्ष रविन्द्र पटेल द्वारा भी 5000 रुपये की राशि प्रदान की गई। आदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखी जिन्हें अतिथियों द्वारा स्वीकार कर लिया गया। इस दौरान निर्देश शर्मा, आदित्य पटेल, रामजी पटेल, सुरेश तेकाम, भागवती तेकाम, रंजना ठाकुर और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी समाज उत्थान परिषद जिला नरसिंहपुर पूर्व अध्यक्ष कड़ोरीलाल ठाकुर, रामलाल उईके, बाबूलाल इरपाचे, कन्छेदीलाल बरकड़े, तुलसी राम परते, राजकुमार पन्द्रे, कालूराम मरकाम, कालीचरण उइके, तुलसीराम उईके, धरमदास धुर्वे, सियाराम करपे, पंचयलाल करपे आदि सभी की गरिमामय उपस्थिति रही।

### तालाब में डूबने से दो की हुई मौत पुलिस ने बॉडी बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गोटेगांव।** पूर्व मामला आपको बता दें गोटेगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भामा से जुड़ा हुआ है जहां अपने खेत गए हुए उसी दौरान अचानक से 7 साल का बालक भी पीछे-पीछे पहुंच गया तालाब का जलस्तर अधिक होने से बच्चा पानी में चला गया इसी के चलते महेश यादव उम्र 45 वर्षी पिताजी का नाम लेखराम यादव भामा निवासी दो की हुई मौत आपको बता दे पूरा मामला गोटेगांव विकासखंड ग्राम भामा से जुड़ा हुआ है जहां अपने खेत गए हुए चम्मू उर्फ महेश यादव एवं उनके साथ थी पहुंचे थे और इस दौरान 7 साल उम्र तनिष्क ठाकुर पीछे-पीछे पहुंच गया खेत जहां तालाब भरा हुआ था महेश यादव एवं उनके साथी ने बच्चों को आवाज़ लगाई की पानी में मत जाना लेकिन वह पानी के अंदर चला गया जिसके चलते चम्मू उर्फ महेश यादव ने बालक को बचाने के दौरान बांध का जलस्तर ज्यादा होने के कारण दोनों की पानी में डूब कर हुई मौत।

### 50 लाख रुपए की स्मैक बरामद आरोपी गिरफ्तार



**गोटेगांव।** नरसिंहपुर पुलिस कप्तान एसपी ने प्रेस वार्ताकर दी जानकारी थाना ठेमी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए नशे के कारोबार पर कार्रवाई की है। पुलिस ने 50 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में आरोपी लाखन सिंह पटेल, निवासी ग्राम रेहली थाना गोटेगांव को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। एसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और बताया कि नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## विधायक को ट्रेन स्टॉपेज हेतु महिला संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनों का स्टॉपेज करवाने हेतु क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश महिला संगठन में एक ज्ञापन सौपा, ज्ञापन में उल्लेखित करते हुए मांग की हैकि सर्व विदित हैकि श्रीधाम (गोटेगांव)रेल्वे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,क्योंकि गोटेगांव तहसील के ऊर्जावान छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर बेंगलुरु हैदराबाद मुंबई चेन्नई नोएडा जैसे स्थानों पर नौकरी करने जाते हैं जिन्हें अपने गंतव्य स्थान से जाने के लिए कोई लंबी दूरी की बड़ी ट्रेन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें जबलपुर अथवा नरसिंहपुर आना जाना पड़ता है,फिर वहां पर घंटो इंतजार करने के उपरांत वहां से अपने गंतव्य की जाने वाली ट्रेन पकड़ना पड़ती है जिसकी वजह से विद्यार्थियों का समय एवं पैसा बर्बाद होने के साथही उनके माता-पिता को विभिन्न प्रकार की परेशानियां उठानी पड़ती है, इतना ही नहीं क्षेत्र के बड़े-बड़े व्यापारी भी दूर दराज क्षेत्रों से व्यापार हेतु खरीदारी करने आने जाने में उनका भी समय एवं पैसा दोनों ही बर्बाद होने के अलावा उन्हें भी ट्रेन पकड़ने के लिए जबलपुर अथवा नरसिंहपुर जाना पड़ता है, अतः महोदयजी से निवेदन हैकि श्रीधाम(गोटेगांव) रेल्वे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेन जैसे जबलपुर से इंदौर जाने वाली ओवरनाइट,संघमित्रा पवन एक्सप्रेस,जबलपुर से यशवंतपुर आदि ट्रेन जो लंबी दूरी तय करती हैं उनको श्रीधाम(गोटेगांव ) स्टॉपेज करने हेतु श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, अनिताराय एवं सोनल नामदेव एवं समस्त क्षेत्र वासियों के द्वारा विधायक जी से निवेदन किया गया, हम सभी क्षेत्रवासियों का मानना हैकि आपके प्रयास से उक्त ट्रेनों का श्रीधाम रेल्वे स्टेशन पर स्टॉपेज संभव हो जाने से क्षेत्रवासियों की एक बहुत बड़ी समस्या का निदान होने के साथही गाडरवारा से श्रीधाम आने के लिए 11बजे के बाद शाम तक बीना के पहले कोई ट्रेन भी उपलब्ध नहीं है,अतः 12बजे के बाद गाडरवारा से जबलपुर की ओर जाने वाली एक लोकल ट्रेन की सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए तो जनहित की दृष्टि से आपका यह प्रयास विधानसभा वासियों के लिए सार्थक होगा।

## प्रभु की लीलायें आज भी प्रासंगिक उनके पीछे केवल संदेश

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों बड़े पोद्दार परिवार द्वारा चौधरी गार्डन में पं विपिन बिहारी जी महाराज के मुखारविंद से चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन भगवान की बाल लीलाओं माखन चोरी गौचारण लीला पूतना बध सत्तासुर बध तृणावर्त को मारते हुए भगवान वृन्दावन धाम पहुंचे हैं। भगवान ने अपने बाल्यकाल में जितनी भी लीलायें की है सबके पीछे एक संदेश का भाव और चित्त को विलग कर केवल प्रभु भक्ति में कृष्ण से प्रीत लगाने का संदेश दिया है। गोवर्धन पूजा का महत्व चीरहरण महारास अक्रासुर उद्धार नामदेव जी के वस्त्र पहने कंस वध की कथा को विस्तार से सुनाते हुए चुटकी लेते कह ही दिया कि आखिर में मोहन ने मम्मा को निपटा ही दिया हंसी के ठहाके लग गये। कथा व्यास ने कथा के दौरान वेल पत्र की उत्पत्ति शिव पिंडी पर चढ़ाने की विधि जल चढ़ाने की विधि वेल पत्र चढ़ाने की विधि जिलहरी की उत्पत्ति पूजन करने का समय वृन्दावन धाम जरुर



जाना चाहिए जमुना जी का आचमन गिरीराज की परिक्रमा रज मांगकर भोजन करने से घमंड नष्ट हो जाता है। रुक्मणी विवाह की कथा को समझाते हुए आज की बेटियों को अच्छी शिक्षा संस्कार देने की जरूरत है। बेटियों का घर केवल उसका पति है। बेटियों के कान भरने से परिवार बिगड़ते हैं। और सुसराल में काम करने से परिवार सम्हलते है। पहले मां हमेशा बेटे के पेट भरने की चिंता करती थी लेकिन अब पत्नियां केवल पति के जेब पर नजर रखतीं हैं।पहले होलिका दहन की आग से घर की रसोई चलती थी लेकिन अब तो केवल बोली रुपी गोलियों से परिवार के परिवार तबाह हो रहें हैं। कभी भी हमें अपनी किस्मत पर नहीं रोना चाहिये। बुजुर्गों की बातें कभी झूठी नहीं होती उनकी सीख से ही हमें आगे बढ़ना चाहिए।हर चीज पाना संभव है नामुमकिन कुछ भी नहीं है केवल मन में दृढ़ विश्वास होना चाहिए।किस्मत बनाने वाले केवल हम ही हैं।सरकार को मुफ्त की योजनाएं बंद कर देनी चाहिए पात्रता के हिसाब से ही लाभ देना चाहिए स्वास्थ्य शिक्षा और सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर काफी विस्तार से श्रोताओं को संदेश दिया। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि यदि हमारे बोलने से परिवार सुधर जायें लोगों की विचारधारा बदल जायेगी तो कथा कहना सफल हो जायेगी।

## पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता रैली का आयोजन




**गोटेगांव** विगतदिवस श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय श्रीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना NSS इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता रैली का आयोजन गोदग्राम गौरतला में किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणजनों ने मिलकर गाँव में स्वच्छता और हरियाली का संदेश दिया रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे गाँव में नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया। गली-गली में स्वच्छ ग्राम – स्वस्थ ग्राम, गाँव-गाँव गूँजे हरियाली और स्वच्छता की पुकार” तथा “स्वच्छता अपनाएँ, पर्यावरण बचाएँ” जैसे स्वर गूँजते रहे। इन नारों ने ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की ओर जागरूक किया। रैली के साथ-साथ एनएसएस स्वयंसेवकों ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें स्वच्छता बनाए रखने, कचरा प्रबंधन, गंदगी से होने वाले रोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावशाली ढंग से दिया गया। ग्रामीणों ने नाटक को बहुत सराहा और इसे शिक्षाप्रद बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ दिलीप पाठक ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि “इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा की भावना जागृत करती हैं।”कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंकिता नामदेव एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एस. पी. डेहरिया के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी प्रो. कमल पटेल एवं प्रो. दिलीप द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों एवं कार्यालय स्टाफ ,छात्र-छात्राओं,एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही।

### साहू समाज ने मनाया देश के प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**गोटेगांव।** बीते दिवस साहू समाज उत्थान मंडल के पदाधिकारी एवं समस्त साहू समाज द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भव्य जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया जिसकी जानकारी देते हुए साहू समाज के वरिष्ठ समाजसेवी तहसील अध्यक्ष भगवान दास साहू ने बताया कि साहू समाज द्वारा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के 75 वेजन्मदिन के अवसर पर पथरिया कुआं स्थित पिपलेश्वर मंदिर में विराजमान भगवान राम माता जानकी भाई लक्ष्मण पवनसुत हनुमान जी के साथ माता कर्मा की महाआरती का आयोजन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया गया जिसमें मुख्य रूप से शिवशंकर साहू भोला साहू पत्रकार आशीष साहू खेमचंद साहू पवन साहू घनश्याम साहू त्रिभुवन साहू राजकुमार साहू ओम प्रकाश साहू गुलाब साहू के साथ महिला मंडल अध्यक्ष रूपवती साहू साधना साहू विनीता साहूसंध्या साहू रुक्मणी साहू अनसूया साहू उपस्थिति के साथ अन्य गणमान्यनागरिक शामिल हुए एवं सभी ने देश के प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भगवान से शतायु होने की प्रार्थना की।